आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार

देहरादून (उत्तराखण्ड)

बृहस्पतिवार 02.10.2025

समय 1305

मुख्य समाचार :–

- समग्र देश आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को उनकी जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित कर रहा।
- प्रदेश में दशहरा पर्व की धूम। यह त्यौहार असत्य पर सत्य की विजय के रूप में मनाया जाता है।
- यमुनोत्री धाम के कपाट 23 अक्टूबर को भैया दूज के अवसर पर शीतकाल के लिए बंद कर दिए जाएंगे।
- उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने पांच अक्तूबर को होने वाली प्रतियोगिता परीक्षा को स्थगित किया।
- राज्यपाल गुरमीत सिंह ने देहरादून स्थित राजभवन परिसर में योग–ध्यान केंद्र का शुभारंभ किया।

गांधी जयंती

समग्र देश आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को उनकी जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राजघाट पर बापू को और विजयघाट पर शास्त्री जी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

राज्यपाल गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी लोगों से गांधीजी के विचारों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया।

गांधी जयंती पर प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राज्य में जगह–जगह स्वच्छता अभियान और पौधारोपण किया जा रहा है।

दशहरा

आज देशभर के साथ ही पूरे राज्य में दशहरा बड़े उत्साह और आस्था के साथ मनाया जा रहा है। यह दिन नवरात्रि अनुष्ठान और दुर्गा पूजा के समापन तथा बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। हमारे सहयोगी ने बताया कि राज्य के विभिन्न हिस्सों में विजयादशमी के लिए विशेष तैयारियाँ की गई हैं।

राज्य के विभिन्न स्थानों पर रावण दहन की तैयारियाँ चल रही हैं। इस अवसर पर मेलों का भी आयोजन किया गया है। राजधानी देहरादून के परेड़ ग्राउंड में 121 फीट ऊँचा रावण का पुतला बनाया गया है। रावण के पुतले को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोगों के आवागमन को देखते हुए पुलिस ने मेला परिसर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम करने के साथ ही यातायात प्लान भी लागू किया है। राज्यपाल गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दशहरा पर्व की प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। गौरतलब है कि विजयादशमी यानी कि दशहरा हिंदूओं का प्रमुख त्योहार है जो अश्विन मास की शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को मनाया जाता है। यह त्योहार असत्य पर सत्य की विजय और अधर्म पर धर्म की जीत का प्रतीक है। पौराणिक कथाओं के अनुसार आज के दिन भगवान श्रीराम ने लंका के राजा रावण का वध किया था। इस कारण इसे असत्य पर सत्य की विजय के रूप में मनाया जाता है। आज के दिन रावण, कुंभकर्ण और मेघनाद के पुतलों का दहन किया जाता है, जो बुराई के नाश का प्रतीक है।

देश के विभिन्न हिस्सों में यह त्योहार माँ दुर्गा द्वारा महिषासुर का वध करने की स्मृति में भी मनाया जाता है। विशेषकर पश्चिम बंगाल, ओडिशा, असम में यह दुर्गा पूजा के अंतिम दिन के रूप में मनाया जाता है।

आकाशवाणी देहरादून के लिए समाचार कक्ष से तेजपाल सिह बिष्ट,

यमुनोत्री– गंगोत्री के कपाट

उत्तरकाशी जिले में स्थित यमुनोत्री धाम के कपाट भैया दूज पर शीतकाल के लिए बंद कर दिए जाएंगे। दशहरा पर्व पर मां यमुना के शीतकालीन प्रवास खरसाली गांव में स्थित यमुना मंदिर में हुई बैठक में यमुनोत्री धाम के कपाट बंद करने की तिथि का मुहुर्त निकाला गया। मुहुर्त के अनुसार 23 अक्टूबर को विधि–विधान से 12 बजकर 30 मिनट पर धाम के कपाट बंद कर दिए जाएंगे। वहीं गंगोत्री धाम के कपाट 22 अक्तूबर को अन्नकूट पर्व पर अभिजीत मूहूर्त में सुबह 11 बजकर 36 मिनट पर विधिविधान के साथ शीतकाल के लिए बंद किये जाएंगे।

45 लाख पार श्रद्धालुओं

प्रदेश में चारधाम यात्रा अब अंतिम चरण में हैं। 30 अप्रैल से शुरू हुई यात्रा में अबतक 45 लाख से अधिक श्रद्धालु चारोंधामों के दर्शन कर चुके हैं। गौरतलब है कि 30 अप्रैल को गंगोत्री व यमुनोत्री धाम के कपाट खुलने के साथ ही चारधाम यात्रा शुरू हुई थी। दो मई को केदारनाथ व चार मई को बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने के बाद यात्रा पूर्ण रूप से शुरू हुई। इस बीच खराब मौसम और प्राकृतिक आपदाओं के चलते चारधाम यात्रा बीच में स्थगित करनी पड़ी। आपदा की चुनौतियों से निपटने के बाद चारधाम यात्रा एक बार फिर से पटरी पर लौट आई है।

वहीं अब तक सर्वाधिक 15 लाख 73 हजार 7 सौ से अधिक श्रद्धालुओं ने केदारनाथ के दर्शन किये हैं, जबकि 13 लाख 93 हजार से अधिक तीर्थयात्रियों ने बदरीनाथ धाम की यात्रा की, जबकि इस अवधि में 6 लाख 95 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने गंगोत्री और छह लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने यमुनोत्रीधाम में पूजा–अर्चना की। उधर, चमोली जिले में स्थित हेमकुंड साहिब में 2 लाख 63 हजार 8 सौ से अधिक तीर्थयात्रियों ने मत्था टेका है।

परीक्षा स्थगित

अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने पांच अक्तूबर को होने वाली सहकारी निरीक्षक वर्ग–2 और सहायक विकास अधिकारी सहकारिता की परीक्षा को स्थगित कर दिया है। आयोग ने परीक्षा को लेकर तैयारियां अधूरीं होना और अभ्यर्थियों की मांग को इसकी वजह बताया है। आयोग के सचिव डॉक्टर शिव कुमार बरनवाल ने बताया कि अभ्यर्थियों के सुझाव, फीडबैक के आधार पर परीक्षा स्थगित करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि 12 अक्तूबर को आयोजित होने वाली परीक्षा को लेकर अभी स्थिति स्पष्ट नहीं है।

योग–ध्यान केंद्र का शुभारंभ

राज्यपाल गुरमीत सिंह ने देहरादून स्थित राजभवन परिसर में योग–ध्यान केंद्र का शुभारंभ किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि योग और ध्यान स्वस्थ जीवन की कुंजी है और इसे दैनिक जीवनचर्या का अभिन्न हिस्सा बनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि योग से मन, मस्तिष्क और शरीर सभी को संतुलन मिलता है। यह न केवल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए उपयोगी है, बल्कि यह जीवन को सकारात्मक दिशा देता है। उन्होंने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में योग सभी के लिए आवश्यक है। योग–ध्यान से तनाव, चिंता और अनेक रोगों का समाधान संभव है।

गंगनहर बंदी

आज मध्यरात्रि से दीपावली की मध्यरात्रि तक हरिद्वार की हर की पैड़ी लगभग जलविहीन रहेगी। वार्षिक रखरखाव के लिए गंगनहर को 18 दिन तक बंद रखा जाएगा। इस दौरान उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग गंगनहर से सिल्ट हटाने और अन्य रखरखाव के कार्य करेगा।

सिंचाई विभाग के उप मंडलीय अधिकारी भारत भूषण ने बताया कि गंगनहर दशहरे की रात से बंद होगी और छोटी दीपावली की रात 12 बजे पानी छोड़ा जाएगा। इस दौरान हरकी पैड़ी पर भागीरथी बिंदु से आने वाली गंगा धारा से ही जल उपलब्ध रहेगा।

उन्होंने बताया कि 20 अक्टूबर की सुबह से हरकी पैड़ी और अन्य घाटों पर पर्याप्त जल मिलने लगेगा।

स्वच्छता

स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 के तहत नगर निगम हरिद्वार ने आर्य नगर के पुराने कूड़ा स्थल को आकर्षक सेल्फी प्वाइंट में बदल दिया है।

नगर आयुक्त नंदन कुमार ने बताया कि शहर की स्वच्छता रैंकिंग सुधारने के लिए सभी कूड़ा स्थलों को स्वच्छ प्वाइंट में बदलने का कार्य चल रहा है। इसके लिए वार्डों में चिन्हित स्थलों का सौंदर्यीकरण और वैज्ञानिक प्रबंधन किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि आर्य नगर का यह नया सेल्फी प्वाइंट अब स्थानीय नागरिकों और युवाओं के लिए आकर्षण का केंद्र बन गया है, जहाँ पहले गंदगी और दुर्गंध थी, वहीं अब पौधारोपण, आकर्षक पेंटिंग्स और स्वच्छता संदेश दिखाई दे रहे हैं।

सेवा समाप्ति

हरिद्वार में जिला महिला अस्पताल में गर्भवती महिला के साथ हुए अमानवीय व्यवहार पर संविदा पर तैनात महिला डॉक्टर की सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं।

घटना सोमवार की है, जब ब्रह्मपुरी निवासी एक मजदूर की गर्भवती पत्नी को अस्पताल में भर्ती करने से मना कर दिया गया। आरोप है कि डॉक्टर ने कहा कि अभी डिलीवरी का समय नहीं है और मदद करने से इनकार कर दिया। इसके बाद महिला ने अस्पताल के प्रतीक्षा कक्ष के फर्श पर ही बच्चे को जन्म दे दिया। प्रसव के बाद डॉक्टर ने आशा वर्कर से फर्श साफ करने के लिए भी कहा।

राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने घटना का संज्ञान लेते हुए जांच के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार सभी सुविधाएं उपलब्ध करा रही है, ऐसे में किसी भी चिकित्सक या कर्मचारी द्वारा अमानवीय व्यवहार पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आर.के. सिंह ने बताया कि विस्तृत जांच के लिए टीम गठित कर दी गई है और फिलहाल संविदा डॉक्टर सोनाली की सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं।